हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 18 मई 2024

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 सिरनोटा, ककरावदा, स्यारी में योजनाएं...



08 2 ट्रक खराब होने से हाईवे 18 पर लगा 2 घंटे तक...



## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2530 | 3775 |
| गेहूं 1544 | 1811 | 3010 |
| चना | 4000 | 6617 |
| मसूर | 4300 | 6131 |
| सोयाबीन | 3200 | 4656 |
| सरसों | 4000 | 5480 |
| धान | 2000 | 3250 |
| तेवड़ा | 4500 | 5175 |
| मूंग | 5000 | 8000 |

## खबर संक्षेप

### जिला कौशल समिति की बैठक 20 को होगी

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक सोमवार 20 मई को होगी। बैठक लंबित आवेदनों की समीक्षा के बाद शुरू होगी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विदिशा के प्राचार्य ने बताया कि जिले के समस्त शासकीय आईटीआई में शत प्रतिशत प्रवेश की कार्ययोजना पर चर्चा के अलावा कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा तथा जिले में नवीन व्यवसायों की आवश्कता एवं वर्तमान में संचालित व्यवसायों की उपयोगिता पर चर्चा की जाएगी।

### पूर्व सीएम ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की



**विदिशा।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को विदिशा आए। उनके साथ पत्नी साधना सिंह चौहान भी मौजूद रहीं। शिवराज पहले बाढ़ वाले गणेश मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान गणेश की पूजन अर्चन की। इसके बाद स्वर्गीय डॉ. जयप्रकाश किरार के अहमदपुर रोड स्थित घर भी पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं और परिवार को सांत्वना दी। अटारीखेजड़ा पहुंचकर मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कंग के दादा जी सहकारी नेता डॉ अमरीक सिंह कंग के चित्र पर पुष्प समर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 21 को

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक मंगलवार 21 मई को जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में सुबह 10:30 बजे से प्रारंभ होगी। उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), प्रभारी अधिकारी, कलेक्ट्रेट, तहसीलदार, अति. तहसीलदार नायब तहसीलदार समेत अन्य अधिकारियों को मंगलवार 21 मई की सुबह 10.30 बजे अद्यतन जानकारी के साथ उक्त बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### हमला करने वाले 3 दोषियों को सजा सुनाई

**विदिशा।** सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने गंभीर अपराध करने वाले आरोपी सोनू , महेंद्र सिंह निवासी गांव निसद्दीखेड़ी थाना देवनागर, भूपेंद्र निवासी बरेठ रोड गंजबासोदा को 5-5 साल के कारावास की सजा सुनाई है। 11 मार्च 2022 को फरियादी जयश्री दांगी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पति रामस्वरूप को आरोपी ने गालियां देकर रामस्वरूप को जान से खत्म करने की नियत से लोहे की राड, चाकू और डंडा से मारपीट कर गंभीर चोटे पहुंचाकर घायल किया। न्यायालय में शासकीय अभिभाषक हिम्मत सिंह कुशवाह द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य व दस्तावेजों से घटना को प्रमाणित किया। न्यायालय द्वारा घटना को प्रमाणित पाते हुए आरोपी सोनू, महेंद्र और भूपेंद्र को 5 -5 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

## शेडों की मरम्मत के बाद अंतिम संस्कार में नहीं होगी दिक्कत

# मुक्तिधाम शेड का काम हुआ शुरू, बारिश में मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- मामला कलेक्टर के संज्ञान में आने के बाद शुरू हुआ काम।

शहर के एकमात्र मुक्तिधाम में बने टीनशेडों की मरम्मत के बाद टीन की चादर चढ़ाने का काम नपा द्वारा शुरू करा दिया गया है।

विगत दिनों बारिश के कारण चिताएं बुझने का मामला सामने आया तो कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने नपा सीएमओ धीरज शर्मा आदेश देकर काम शुरू कराने के निर्देश दिए। इसके बाद शुक्रवार से नगरपालिका ने शुरू करा दिया है। मुक्तिधाम में करीब चार शेड हैं और इन सभी शेड की टीनें करीब दो माह पहले हटा दी गईं थीं। हालांकि इन्हे तभी बदला जाना था, लेकिन ठेकेदार ने टीनें उतारने के बाद काम बंद कर दिया। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण कई चिताएं बुझ गईं। इसके बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया। ठेकेदार का कहना था कि उसका भुगतान अटका हुआ है। जिसमें काम बंद है, जबकि नपा सीएमओ का कहना था कि ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड किया जा रहा है। फिर से टेंडर जारी कर काम कराया जाएगा। इसी बीच बारिश हो गई। जिससे नपा ने आनन फानन में शेड तैयार कराने का काम शुरू करा दिया है। हालांकि इस कार्य के लिए नितिन माहेश्वरी ने पहल की थी। इसके बाद प्रियंक कानूनगो ने भी सहयोग करने की बात कही। इसके पहले संजय प्रजापति भी मुक्तिधाम के लिए पहल कर चुके हैं।



**विदिशा।** कलेक्टर के निर्देश के बाद मुक्तिधाम में काम शुरू कर दिया गया।

### पुलिस ने जुआ खेलते आठ जुआरी दबोचे

**विदिशा।** नटेरन पुलिस ने 8 जुआरियों को नकद राशि और 3 बाइक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम घटवाई में बरगद के पेड़ के पास चबूतरे पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस को देखकर जुआरी भागने लगे। पुलिस ने रामस्वरूप पिता मोकम सिंह जाति कुशवाह 29 साल निवासी सिलवाय खजूरी, . भागीरथ शर्मा पिता जसवंत शर्मा उम्र 52 साल निवासी सिलवाए खजूरी, राजन पिता बालकिशन जाति रजक उम्र 37 साल निवासी सिलवाय खजूरी, बलराम पिता महाराज सिंह रघुवंशी उम्र 40 साल निवासी सिलवाय खजूरी, प्रेम सिंह यादव पिता धनीराम यादव उमर 42 साल निवासी घटवाई, अनिल शर्मा पिता सेवक शर्मा उम्र 25 साल निवासी नटेरन , राजू महाराज पिता धन्नालाल महाराज कुमार 45 साल निवासी घटवाई, दिनेश कुशवाह पिता मोर सिंह कुशवाह उम्र 25 साल निवासी नटेरन के पास से 9370 रुपए जब्त किए हैं।

### मारपीट करने वाले आरोपी को सजा सुनाई

**विदिशा।** न्यायालय प्रतिभा श्रीवास्तव न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को एक साल की सजा सुनाई है। मामला 2018 का है। शाम 5 बजे फरियादी व उसका भाई खेत पर पानी दे रहे थे तभी आरोपी राजेन्द्र सिंह बघेल डंडा लेकर आया और दोनों को गालियां देने लगा। इसके बाद डंडे से मारपीट कर दी। जाते जाते जान से मारने की धमकी भी दी। मामला करारिया थाने का है।

## गाड़ी की डिग्गी से 1 लाख 90 हजार पार करने वाला धराया

### देशभर में घूमते फिरते चोरियों की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का सदस्य है शातिर चोर



पुलिस ने किया वारदात का खुलासा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

चार दिन पहले कोतवाली थाने के सामने एक किसान की गाड़ी की डिग्गी से 1 लाख 90 हजार रुपए चोरी करने वाले शातिर चोर को कोतवाली पुलिस ने दबोच लिया है।

यह चोर देशभर में घूमकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का सदस्य निकला। पुलिस ने इस शातिर चोर को राजगढ़ जिले के ग्राम हुलखेड़ी थाना बोड़ा से गिरफ्तार किया है। चोर के पास से चोरी किए रुपए भी बरामद हुए हैं। शुक्रवार को सीएसपी कार्यालय में चोरी का खुलासा किया गया।

**सांसी गिरोह का है शातिर चोर**

सीएसपी अतुल सिंह, कोतवाली टीआई मनोज दुबे ने बताया आरोपी मूल रूप से सांसी गिरोह का है। जिसका काम चोरी करना ही है। यह समूह पूरे देशभर में घूमते फिरते चोरियां करता है। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। आरोपी महेश सांसी गुलखेड़ी जिला राजगढ़ का रहने वाला है।

**ऐसी दिया था चोरी की वारदात को अंजाम**

13 मई की दोपहर जिला सहकारी बैंक से दोपहर ढ़ाई बजे ग्राम बामनखेड़ा निवासी किसान संतोष दुबे ने 1 लाख 90 हजार रुपए निकाले और अपनी गाड़ी की डिग्गी में रखकर गाड़ी मोड़ने के लिए पीछे देखा तो उनकी गाड़ी की चाबी गायब थी, वे यहां वहां दूढने लगे तो कुछ देर बाद चाबी गाड़ी की डिग्गी में लगी मिली, लेकिन 1 लाख 90 हजार रुपए गायब थे। इस मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए तमाम तकनीकी साक्ष्य को जुटाने हुए आरोपी को राजगढ़ जिले के थाना बोड़ा के अंतर्गत होलीखेड़ी गांव से गिरफ्तार किया।

### मेडिकल कॉलेज का प्रभार मिलने के बाद पहला दौरा किया

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** 2015 बैच की आईएएस अदिति गर्ग स्वास्थ्य विभाग में अधिकारी होने के साथ विदिशा मेडिकल कॉलेज की प्रभारी भी बनाई गई हैं। उन्होंने शुक्रवार को पहली बार मेडिकल कॉलेज का दौरा किया। जहां उन्होंने सभी विभागों का दौरा करते हुए बारीकी से जांच पड़ताल भी की। दौरे के दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट भी मौजूद रहे। वहीं उन्होंने बताया कि इसके पहले तक कमिश्नर मेडिकल कॉलेज के प्रभारी थे। यह प्रभाव स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत ही दिया गया है। उसी के तहत प्रभार लेने के बाद यह पहला दौरा रहा। उन्होंने सभी जगह पर बारीकी से निरीक्षण किया। कुछ वार्डों और विभाग को लेकर उन्होंने खुशी जाहिर की तो कई छोटे बड़े मुद्दों को लेकर समस्या हल करने की बात भी उन्होंने कही।



## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत,10 महिलाओं के साथ सागर से तेंदूपत्ता तोड़ने आई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- देर रात होने की वजह से वह प्लेटफार्म पर ही सो गई थी।

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। महिला सागर की रहने वाली थी। वह सागर की ही 10 महिलाओं के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए विदिशा आई थी।

शुक्रवार सुबह विदिशा के प्लेटफार्म क्रमांक- 3 पर 55 वर्षीय सागर निवासी सिंगाररानी अहिरवार ट्रेन की चपेट में आ गई।। जीआरपी ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। बेटे आकाश अहिरवार ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण परिवार के सभी सदस्य काम करते हैं। मां तेंदूपत्ता तोड़ने का काम करती थी। वह 11 अन्य महिलाओं के साथ विदिशा में तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए आई थी। देर रात होने की वजह से वह प्लेटफार्म पर ही सो गई थी।

## रुक जाना नहीं: वार्षिक परीक्षाएं 20 से मुख्यालय पर 9 परीक्षा केन्द्रों में होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मध्यप्रदेश राज्य मुक्त शिक्षा परिषद भोपाल द्वारा आयोजित ओपन स्कूल (परंपरागत) द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड, रुक जाना नहीं एवं राज्य ओपन की वार्षिक परीक्षाएं 20 मई से प्रारंभ होने जा रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी आरके ठाकुर ने बताया कि उक्त परीक्षा विदिशा जिला मुख्यालय पर 9 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न होगी। जिन छात्रों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। वह अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें, बगैर प्रवेश पत्र के परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी ठाकुर ने बताया कि परीक्षार्थी अपने साथ परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, पेजर, सेल्यूलर फोन, हस्तलिखित पर्ची, मुद्रित पर्ची, पुस्तक, गाइड, कॉपी, कैलकुलेटर इत्यादि कोई भी सामग्री लेकर नहीं आएं। परीक्षा केंद्र पर तलाशी के उपरांत ही केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा। यदि किसी परीक्षार्थी के पास कक्षा में इस तरह की कोई सामग्री पाई जाती है तो नकल का प्रकरण बनाया जाएगा। परीक्षार्थी की सुविधा के लिए राज्य ओपन की साइट पर कई वीडियो अपलोड किए गए हैं जिनमें विषय से संबंधित विषय से संबंधित विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा कठिन प्रश्नों को सरल तरीके से समझाया गया है अतः परीक्षार्थी अपनी परीक्षा की तैयारी के लिए साइड पर अपलोड वीडियो से भी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

> जिन छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। वह प्रवेश पत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं।

## स्विफ्ट डिजायर कार से 8 पेटी अवैध शराब जब्त




**विदिशा।** 8 पेटी शराब के साथ पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- शराब खरीदने वाला दूसरा आरोपी भल्ला फरार।

सिविल लाइन पुलिस ने सोठिया रोड से 8 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी हरिओम विश्वकर्मा पिता जगदीश विश्वकर्मा निवासी कालापाठा को गिरफ्तार किया है। एक स्विफ्ट डिजायर कार भी जब्त की गई है। सिविल लाइन थाना टीआई शहबाज खान को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की सोठिया रोड के पास रायसेन तरफ से आ रही डिजायर कार शराब से भरी हुई है। थाना प्रभारी शहबाज़ खान हमराह बल के साथ सोठिया रोड पहुंचे । एक स्विफ्ट डिजायर कार तेज रफ्तार में विदिशा की तरफ आ रही थी। कार को रोककर तलाशी ली तो 8 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब मिली। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर माममा दर्ज किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह शराब को नीमताल निवासी भल्ला के पास ले जा रहा था। आरोपी हरिओम पूर्व में भी भल्ला को अवैध शराब बेच चुका है। आरोपी भल्ला अभी फ़रार है जिनकी तलाश जारी है।

## दही और लस्सी के सैंपल लिए, अब इनकी जांच कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की जांच-पड़ताल सतत जारी है इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम के द्वारा गंजबासौदा नगरीय क्षेत्र के बरेठ रोड़ स्थित जैन सोडा शॉप एवं स्टेशन के पास चॉइस कॉर्नर से खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने की कार्यवाही की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप वर्मा एवं श्रीमती किरण एम श्रीवास्तव ने बताया कि जैन सोडा शॉप एवं स्टेशन के पास चॉइस कॉर्नर से श्रीधी ब्रांड के मिल्क के तीन सैंपल, दही, लस्सी के सैंपल एकत्रित किए गए हैं। एकत्रित किए गए खाद्य सैंपल को जांच परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम द्वारा तहसील गंज बासौदा की खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले दुकान संचालकों को खाद्य लाइसेंस लेने की समझाइश दी गई तथा साफ-सफाई एवं खाद्य सामग्री मिलावट न करने के निर्देश दिए गए।



### 44 डिग्री तक पहुंचेगा जिले का पारा बादल छाने से धूप की तेजी में कमी

**विदिशा।** मौसम के मिजाज में बदलाव देखने को मिला। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। बीच-बीच में धूप निकल रही थी, जिसके चलते लोगों को सूरज की तेज तपिश से तो राहत मिली पर उमस ने लोगों को परेशान किया। गुरुवार को दिन का तापमान 42 डिग्री और रात का तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस रहा है। तो वहीं आज शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच तो वहीं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा, 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचेगा।

## विद्युत मंडल स्थित शिवालय में सात दिवसीय संस्कृत संस्कार शिविर का शुभारंभ

# ब्राह्मण बालकों को 21 साल से निशुल्क वेद, व्याकरण कर्मकांड, ज्योतिष और संध्या वंदन की दे रहे हैं शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विद्युत मंडल स्थित महाकालेश्वर मंदिर पर संचालित महाकालेश्वर संस्कृत पाठशाला में सप्त दिवसीय संस्कृत संस्कार शिविर का शुभारंभ हुआ।

पहले दिन 20 ब्राह्मण बालक शामिल हुए। महाकालेश्वर संस्कृत पाठशाला के आचार्य धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि 21 वर्षों से निशुल्क ब्राह्मण बालकों को प्रतिदिन वेद, व्याकरण, कर्मकांड, ज्योतिष, संध्या वंदन, वास्तु शास्त्र, हस्तरेखा की शिक्षा दी जा रही है। समय-समय पर संस्कृत पाठशाला में संस्कृत संस्कार शिविर संध्या बंधन शिविर ज्योतिष शिविर ब्राह्मण बालकों का निशुल्क यज्ञोपवीत संस्कार आदि गुरु शंकराचार्य जयंती स्वामी करपात्री जयंती तुलसीदास जयंती आदि धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। संस्कृत पाठशाला के माध्यम से संस्कृत भाषा का प्रचार प्रसार एवं ब्राह्मण बालकों को रोजगार से जोड़ना मुख्य उद्देश्य है हमारे ऋषि मुनियों की परंपरा को पुनः जीवित करना एवं गुरु परंपरा को स्थापित करना हमारा उद्देश्य है।

संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है संस्कृत देव भाषा है संस्कृत वेद भाषा है। पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि 7 दिन तक प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक शिविर चलेगा। सप्त दिवसीय संस्कार शिविर में संस्कारों शिक्षा के साथ वेद व्याकरण ज्योतिष कर्मकांड वास्तु शास्त्र हस्तरेखा की शिक्षा दी जा रही है। हमारी युवा पीढ़ी पश्चाताप संस्कृति की ओर अग्रसर हो रही है ऐसे समय में युवा पीढ़ी को संस्कारों की बहुत आवश्यकता है।



## ब्राइटर माइंड के बच्चे आंखों पर पट्टी बांधकर पढ़ेंगे किताब



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** हार्टफुलनेस सेंटर में चल रहे योग एवं ध्यान शिविर में आज शनिवार सुबह 8 बजे बच्चों द्वारा आंखों पर पट्टी बांधकर किताब पढ़ना, सूघंकर रंग बताने आदि हैरतअंगेज विधाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

ब्राइटर माइंड प्रशिक्षकों ने बताया कि 5 से 15 वर्ष की उम्र के बच्चों को प्रति सत्र 8 सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण, हर रविवार को दिया जाता है , इस प्रशिक्षण से बच्चों के दिमाग का विशेष प्रकार से विकास होता है व दिमाग की कार्यक्षमता आश्चर्य जनक रूप से बढ़ती है । वे आंखों पर पट्टी बांधकर वस्तुओं का आकार, रंग पहचान सकते हैं तथा बंद आंखों से ही किताब पढ़ सकते हैं। इस प्रशिक्षण से उनका फोकस, तल्लीनता, समझ, इंटेलिजेंस बढ़ती है। हर क्षेत्र में सफलता पाने की संभावना बढ़ती है। अभिभावक जो अपने बच्चों को ब्राइटर माइंड का कोर्स करना चाहते हैं उन सभी को हार्टफुलनेस की ओर से आमंत्रित किया गया है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2503
उच्चतम भाव-4150
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-3250
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2250
उच्चतम भाव- 2391
चना
न्यूनतम भाव- 3900
उच्चतम भाव- 6555
मसूर
न्यूनतम भाव-4080
उच्चतम भाव-6455
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-4799
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6000
सरसों
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-5900
उड़द
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-7200
धान
न्यूनतम भाव-2311
उच्चतम भाव-2311
इमली
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-2200
धना
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-6030
बटरी
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-4000
अलसी
न्यूनतम भाव-5080
उच्चतम भाव-5080
मैथी
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4000

**कृषि मंडी में हुई आवक**

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 32663 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### नगर में शाम के समय हुई बूंदाबांदी

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को नगर में शाम के समय हल्की बूंदाबांदी हुई। वहीं दिन भर तेज गर्मी और उमस लोगों को परेशान करती रही। लोग गर्मी और उमस से बचने शीतल पेय पदार्थों का सेवन कर रहे हैं।

### गौरीशंकर विश्वकर्मा का निधन

**गंजबासौदा।** ग्राम पंचायत स्यारी के पूर्व सरपंच रूप सिंह विश्वकर्मा के छोटे भाई और वीरेंद्र विश्वकर्मा के पिताजी गौरीशंकर विश्वकर्मा पगड़ी वालों का गत दिवस निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार को सुबह 10 बजे निज निवास स्थान बीजासन माता मंदिर वाली गली वार्ड नंबर 5 से पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### प्रभुदयाल शिल्पकार का निधन

**गंजबासौदा।** ग्राम कथरी निवासी जितेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह के पिताजी प्रभुदयाल शिल्पकार का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार सुबह के समय ग्राम कथरी में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में अनेक गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों ने शामिल होकर शोक प्रकट किया और दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## दुर्घटना का इंतजार...



**गंजबासौदा।** बनवा जागीर चौरावर रोड पर विद्युत सब स्टेशन के पास ट्रांसफार्मर से सीधे घरों के लिए विद्युत केबल लाइन डाली गई है। विद्युत लाइन के लिए यहां विद्युत खंबे और केबल लाइन ना होने के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस क्षेत्र में अनेक किसान रहते हैं, उनको ट्रैक्टर ट्राली निकालने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विद्युत लाइन जो घरों में सप्लाई के लिए ले जा रहे हैं वह इतने नीचे है कि आदमी खड़े होने पर सर से टकरा जाए, तो ट्रैक्टर ट्राली निकलने की बात बहुत दूर है, लेकिन इस ओर विद्युत वितरण कंपनी के जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। छाया: राजा छारी

### डेढ़ दशक में लाखों खर्च के बाद भी नहीं पहुंच सका घर-घर पानी

# सिरनोटा, ककरावदा, स्यारी में योजनाएं बनीं, लेकिन लोगों को पानी नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा









गंजबासौदा जनपद अंतर्गत 38 ग्राम पंचायतों में जल संकट गहराया हुआ है। बीते दिनों टीएल की बैठक में भी कलेक्टर द्वारा इस विषय की समीक्षा करते हुए पीएचई विभाग के अधिकारियों को फटकार भी लगाई गई थी, लेकिन अधिकारियों ने स्थिति में सुधार के लिए कोई उल्लेखनीय कदम नहीं उठाए। ग्राम पंचायतों में नल जल योजनाओं की वास्तविक स्थिति क्या है इसके लिए शुक्रवार को दैनिक हरिभूमि की टीम ने तीन ग्राम पंचायतों का दौरा किया है। जिसमें पीएचई विभाग के ठेकेदारों द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में की गई गडबडियों की जानकारियां भी संकलित की गई हैं।

ग्राम पंचायत ककरावदा में नल जले योजना के लिए पीएचई विभाग द्वारा लगभग 90 लाख रुपए की लागत से पेयजल पूर्ति के लिए पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। लेकिन वहां पर नल कनेक्शन अधिक होने के कारण आदिवासी टपरों पर पानी नहीं पहुंच पा रहा है। यहां के ग्रामीणों का कहना है पीएचई विभाग ने 25 साल पुराने ट्यूबवेल के बोर से नल जल योजना की टंकी जोड़ दी है। ऐसे में बोर के अंदर पानी कम होने पर टंकी नहीं भर पा रही और निचली बस्तियों में व्यवस्थित रूप से जल प्रदाय नहीं हो पा रहा। तहसील मुख्यालय से लगभग 17 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत सिरनोटा में ग्रामीणों के घरों तक नल कनेक्शन के लिए बिछाई गई पाइप लाइन जर्जर हो चुकी है। ग्राम सिरनोटा के दीपक पंथी ने बताया कि पंद्रह साल पुरानी इस टंकी में आज तक पानी नहीं भर पाया और ग्रामीणों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिला। ग्राम पंचायत सचिव देवराज तिवारी ने बताया कि पीएचई विभाग द्वारा टंकी निर्माण के बाद 2 ट्यूबवेल के बोर करा दिए थे। लेकिन उनमें पर्याप्त पानी होने के बाद भी पानी की मोटरें नहीं डाली गईं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सिरनोटा पूर्व विधायक लीना जैन की ससुराल है और उनके कार्यकाल में भी इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण नहीं कराया जा सका। जिसके चलते आज भी वहां जल संकट की स्थिति बनी हुई है। नल जल योजनाओं के विस्तार में शासन द्वारा पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है लेकिन इसके बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ग्राम पंचायत स्यारी में करीब 65 लाख रूपए खर्च कर तीन बार नलजल योजना बनाई जा चुकी हैं, लेकिन अभी गांव के एक भी घर में नल से पानी नहीं पहुंच सका है। जिसके चलते यहां के ग्रामीणों को ग्रीष्मकाल में जल संकट से जूझना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि इन तीन गांवों में वर्ष 2009 से ही नलजल योजनाओं के निर्माण का सिलसिला चल रहा है। पहली बार वर्ष 2009 में लाखों की लागत से नलजल योजनाएं बनाई गईं। जो गुणवत्तापूर्ण न होने से कुछ माह में ही उपयोग योग्य नहीं रह गईं। इसके बाद वर्ष 2017 में भी नल जल योजनाओं को तैयार किया गया लेकिन इस बार भी इन योजनाओं का संचालन नहीं हो सका और यह बजट भी पानी में चला गया। इसके बाद प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत तीसरी बार नलजल योजनाओं का काम शुरू किया गया, लेकिन अभी तक ग्रामीणों को पानी नहीं मिल सका है। पिछले 15 वर्षों से इन गांवों के ग्रामीण हर बार योजना तो बनते देख रहे हैं,लेकिन पानी उन्हें आज तक भी नहीं मिल सका है। इस बारे में पीएचई के एसडीओ अमर दहिया का कहना है कि ककरावदा और सिरनोटा की योजनाओं का रिवाइज्ड प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होते ही इन योजनाओं का काम पूरा कर उन्हें चालू किया जाएगा।

## डेयरी से खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने की कार्रवाई की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने आम नागरिकों की सेहत को ध्यान में रखते हुए मिलावट से मुक्ति अभियान शुरू किया है। जिसके तहत खाद्य प्रतिष्ठानों में विक्रय होने वाले खाद्य पदार्थों की जांच परीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के पालन में खाद्य औषधि प्रशासन विभाग के द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की जांच-पड़ताल सतत जारी है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम के द्वारा नगरीय क्षेत्र के बरेठ रोड़ स्थित जैन सोडा शॉप एवं स्टेशन के पास चॉइस कॉर्नर से खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर नियमानुसार कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप वर्मा एवं किरण श्रीवास्तव ने बताया कि जैन सोड़ा शॉप एवं स्टेशन के पास चॉइस कॉर्नर से श्रीधि ब्रांड के मिल्क के तीन सैंपल, दही, लस्सी के सैंपल एकत्रित किए गए हैं। एकत्रित किए गए खाद्य सैंपल को जांच परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य लाइसेंस लेने की समझाइश दी गई तथा साफ सफाई एवं मिलावट न करने के निर्देश दिए गए।

## प्रेम विवाह के मामले में की मारपीट, वृद्ध की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देहात थाना अंतर्गत ग्राम अंबानगर पुलिस सहायता केन्द्र क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किरवाया में दो दिन पहले एक बुजुर्ग के साथ की गई मारपीट के बाद शुक्रवार को बुजुर्ग ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस आरोपियों की धरपकड़ में लग गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम किरवाया निवासी राजाराम केवट उम्र 60 वर्ष के लड़के ने गांव की ही एक युवती के साथ प्रेम प्रंसग के बाद विवाह कर लिया। जिसको लेकर दोनों पक्षों में टकरार चल रही थी। 15 मई को लड़की पक्ष से सुनील, विकास, दीपेश और एक महिला ने राजाराम केवट के घर पहुंचकर उसके साथ लाठियों से मारपीट कर दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। उस समय पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज किया था। पुलिस द्वारा बताया गया कि मृतक द्वारा पहले भी इस घटना के संबंध में अवगत कराया गया था। राजाराम की मौत के बाद गांव में तनाव का माहौल व्याप्त है। पुलिस आरोपियों की धरपकड़ में लगी हुई है।

## ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली हुई अनियंत्रित, मकान हुआ क्षतिग्रस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को नगर के वार्ड क्रमांक 6 बीजासन मंदिर वाली गली में ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली गली में मोड़ने के दौरान आगे से उठकर एक मकान के पास बनी नाली में जा घुसी। नाली में ट्रैक्टर का पहिया उतरने के दौरान मकान का भी कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जिसे काफी देर तक मशक्कत करने के बाद निकाला जा सका। इस दौरान गली में जाम लग गया और वार्डवासी देर तक परेशान होते रहे।

### बिजली प्रदाय रहेगा बंद

**गंजबासौदा।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बताया गया कि शनिवार को सिरोंज चौराहा, रजोदा रोड, ईदगाह रोड, देहात थाना, उपजेल रोड, पठारपुरा क्षेत्र में मैंटेनेंश कार्य के चलते सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक बिजली प्रदाय बंद रहेगा।

### खिलाड़ियों को सिखाए जा रहे खेल के गुर

# दिया जा रहा है खेल प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग विदिशा द्वारा विकासखंड गंज बासौदा में प्राचार्य एमसी शर्मा के मार्गदर्शन में एवं बैडमिंटन केंद्र के नोडल अधिकारी स्वतंत्र कुमार जैन की उपस्थिति में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर चलाया जा रहा है। जिसमें प्रशिक्षित खेल शिक्षकों द्वारा कैंप में आने वाले खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां से अवगत कराया जा रहा है साथ ही खेल विभाग के ब्लॉक समन्वयक ने बताया की खिलाड़ियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से तैयार किया जा रहा है। अपने-अपने खेलों में निपुण खेल शिक्षक समर कैंप में आने वाले खिलाड़ियों को निपुणता प्रदान कर खेलों की बारीकियों से अवगत करा रहे हैं। बासौदा विकासखंड में ताइक्वांडो का प्रशिक्षण हेमंत विश्वकर्मा द्वारा इमली चौराहा एसजीएस कॉलेज के पीछे दिया जा रहा है। वहीं जूडो एवं कराते का प्रशिक्षण कृष्ण गोपाल जोगी द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दिया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह एवं शाम के समय दिया जा रहा है जो कि आगामी 31 मई तक दिया जाएगा, साथ ही समर कैंप का समापन भी 1 जून को किया जाएगा। इस दौरान खेल की बारीकियां से खिलाड़ियों को कोच द्वारा अवगत कराया जा रहा है।

## सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण में लगे मजदूरों को नहीं मिली मजदूरी, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के जीवाजीपुर में सीएम राइज स्कूल भवन के निर्माण कार्य में लगे मजदूरों ने शुक्रवार को एसडीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि सीएम राइज स्कूल में कार्यरत हैं। निर्माण का कार्य ठेकेदार असलम वैग निवासी अशोका गार्डन भोपाल द्वारा कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा उनसे काम तो करा लिया गया है, लेकिन अभी तक उनकी मजदूरी की राशि नहीं दी जा रही है। मजदूरों ने बताया कि वह दो माह से कार्य कर रहे हैं लेकिन उन्हे मजदूरी के रुपए नहीं दिए जा रहे। जिससे उनको परिवार के भरण पोषण में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिए गए शिकायती आवेदन में मजदूरों ने शीघ्र मजदूरी के रुपए दिलाए जाने की मांग की है। मांग करने वालों में ओमप्रकाश, रंजीत, रमेश, प्रकाश, बब्लू, लाल किशन, महेन्द्र, ओमकार सिंह, अरविंद, संजू, शेरसिंह, सौरभ, राजेश, उमेश आदि शामिल हैं।

## गुरु गोरखनाथ नौ नाथ हैं: पंडित पाठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



श्रीधाम बासौदा दरबार में चल रही गुरु गोरखनाथ की कथा में पंडित हरिनारायण पाठक ने बताया कि गुरु गोरखनाथ नौ नाथ हैं। एक ग्राम में गुरु गोरखनाथ पाठ कर रहे थे वहां पर कुछ बच्चे खेल रहे थे, इनमें से कुछ बच्चों ने गुरु गोरखनाथ से कहा हमें एक मिट्टी की गाड़ी बना दो, जिसके बाद गुरु गोरखनाथ ने एक मिट्टी की गाड़ी बना दी। फिर बच्चों ने कहा इस गाड़ी को चलाने वाला भी चाहिए तब गुरु गोरखनाथ ने एक मिट्टी का पुतला बनाया। उसमें जान डाल दी और वह सजीवन मानव की तरह इंसान बन गया। गुरु गोरखनाथ ने कहा इस बालक को मिट्टी का मत समझना यह बालक कर्ज भंजन नाथ के अवतार हैं। इस बालक का नाम मैनें ज्ञानी नाथ रख दिया है। गुरु गोरखनाथ ऐसे सिद्ध पुरुष हैं जिन्होंने मिट्टी के पुतले में जान डाल दी और गुरु गोरखनाथ ने उस बालक को एक माता को दे दिया। जिस ग्राम में गुरु गोरखनाथ ठहरे थे जब वह वहां से चले गए तब ग्रामीणों को अहसास हुआ और उन्होंने कहा ऐसे सिद्ध पुरुष हमारे ग्राम में आए और हम उन्हें पहचान ना सके। कथा सुनने नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंच रहे हैं।

### शिविर 19 मई से होगा आरंभ

**गंजबासौदा।** स्वयं स्वस्थ्य बनो अभियान के तत्वाधान में मुंबई की डॉ. गीता जैन का बहुप्रतीक्षित योग एवं अध्यात्म विकास शिविर 19 मई से मानस भवन में आयोजित होने जा रहा है। शिविर में शामिल होने के लिए सौ से अधिक लोग अपना पंजीयन करवा चुके हैं। पंजीयन की प्रक्रिया चालू है। ज्ञात हो कि डॉ. गीता जैन मध्यप्रदेश सहित सम्पूर्ण भारत में योग, पर्सनालिटी डेवलपमेंट एवं पैरेंटिंग फ़ॉर पीस के माध्यम से स्वस्थ एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ नागरिकों का निर्माण कर स्वास्थ्य लाभ एवं अध्यात्म विकास शिविरों का आयोजन करती हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण 20 और 21 मई को

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन की मतगणना / डाक मतपत्र गणना 4 जून को निर्धारित है। उक्त कार्य को संपादित करने हेतु आपके कार्यालय के अधिकारी / कर्मचारी (संलग्न सूची अनुसार) को गणना पर्यवेक्षक / गणना सहायक / सूक्ष्म प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया जाना है। मतगणना हेतु प्रशिक्षण 20 एवं 21 मई को समय प्रातः 11.00 बजे से 2.00 बजे तक एवं डाक मतपत्र गणना प्रशिक्षण दोप. 2.30 से 4.30 तक पद्माकर सभागार मोतीनगर चौराहा, सागर में आयोजित किया जाएगा।

### डीएलएड पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**सागर।** प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिये पंजीयन की प्रक्रिया 13 मई से एमपी ऑनलाईन के माध्यम से शुरू कर दी गई है। उक्त संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वे अपना ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 26 मई निर्धारित की गई है।

### कलेक्टर के निर्देशानुसार जनपद सीईओ द्वारा किया जा रहा निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देशानुसार सभी जनपद सीईओ उनके क्षेत्र में चल रही जल जीवन मिशन अंतर्गत योजनाओं का स्थल निरीक्षण करने पहुंचे। एसडीएम द्वारा जनपद सीईओ के साथ अनेक ग्रामों में पहुंचकर जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने योजना के अंतर्गत कार्य प्रगति की जांच की तथा इस संबंध में रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। इसी प्रकार जपं बीना की मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश पटेरिया, जपं बंडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभास घंगोरिया के द्वारा भी अनेक ग्राम पंचायत में पहुंचकर जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया।

## यात्रियों को भीषण गर्मी में सड़कों पर बैठकर करना पड़ रहा बसों का इंतजार

# अतिक्रमण की चपेट में फिर आया बस स्टैंड, यात्री हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

नगर के नया बस स्टैण्ड पर नगर पालिका की दुकानो के बाहर दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का सामान पूरी गैलरी में रख लेने से यात्रियों के बैठने के लिए भी जगह नही बची। जिसके चलते इस भीषण गर्मी में यात्रियों को मजबूरन सड़क पर बैठकर बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। बस स्टैण्ड पर पसरा स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण को हटाने में स्थानीय प्रशासन को भी पसीना आ रहा है। तो वहीं अतिक्रमणकारी दुगनी ताकत से अतिक्रमण करते जा रहे है। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों की सुस्ती के चलते नये अतिक्रमणकर्ता अपने नये ठिकाने बना रहे हैं। पूरे परिसर में शायद ही कोई जगह शेष बची हो जहां अतिक्रमणकारियों द्वारा अपने कब्जे अथवा निशानी न लगाई हो। वहीं आटो गैरिज मालिक, ट्रक सुधारने वाले जहां मर्जी हो वहां वाहनों को खड़ा कर सुधारते हैं और कई लोगों ने तो स्थाई वाहन स्टैण्ड बना रखा है जहां पर हर कोई व्यक्ति अपने वाहनो को खडा कर चला जाता है।

### गर्मियों में यात्रियों को बैठने नहीं मिल पाती जगह



यात्रियों की सुविधा के लिए नगरपालिका द्वारा बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय को अतिक्रमण कारियों ने अपना अडडा बना लिया है। प्रतीक्षालय में न तो पर्याप्त कुर्सियां हैं और न ही अन्य सुविधाएं। हैरानी की बात, तो यह है कि यात्रियों के लिए बनाए गए इस प्रतीक्षालय में बीच-बीच में दुकानदार अपना सामान भर देते हैं। ऐसी स्थिति में यात्रियों को इनमें बैठने के लिए भी जगह नहीं मिलती है। बस पकडने के लिए स्टैंड पहुंचने वाले अधिकांश यात्रियों को इस भीषण गर्मी में यात्री प्रतीक्षालय में बैठने को जगह न मिलने पर यात्रियों को चाय,नाश्ता होटलों पर बैठकर समय व्यतीत करना पड़ता हैं। सबसे ज्यादा परेशानी, तो यात्रियों को रात के वक्त होती है। इंदौर, भोपाल के लिए यात्रा करने वाले यात्रियों को न चाहते हुए प्रतीक्षालय के बाहर दुकानों पर बैठकर बस आने का इंतजार करना पड़ता है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी बस स्टैंड पर मूलभूत सुविधाओं एंव अतिक्रमणकारियों पर कोई कार्यवाही नही कर रहें।

### मुख्य बाजार में अतिक्रमणकारियों के आगे आखिर क्यों घुटने टेक देता है प्रशासन



**मुख्य बाजार में अतिक्रमणकारियों के आगे आखिर क्यों घुटने टेक देता है प्रशासन** - नगर के मुख्य बाजार की यदि बात कि जाए तो यह बात किसी से छिपी नही है। कई वर्षो से देखा जा रहा है कि स्थानीय प्रशासन व नगर पालिका द्वारा शहर में जब भी अतिक्रमण पर कार्यवाही की जाती है। तो वह कार्यवाही सिर्फ नगर के बस स्टेण्ड,मण्डी बायपास रोड,लिंक रोड,छत्री चौराहा आदि स्थानो पर कार्यवाही होती है। वही जैसे ही मुख्य बाजार में पसरा अतिक्रमण हटाने का समय आता है। तो यह कार्यवाही बंद हो जाती है। जिसके चलते मुख्य बाजार में अतिक्रमणकारियो के हौसलें बुलंद होते जा रहा है। स्थानीय प्रशासन एंव नगर पालिका के अधिकारियों की ऐसी क्या मजबूरी है जो इन अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण के आगे घुटने टेक ने पर मजबूर होना पड़ रहा है। शहर के नया बस स्टेण्ड से लेकर मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा दुकानों का सामान सड़कों पर रखकर अतिक्रमण कर रखा है। जिसके चलते आम नागरिकों को मुख्य बाजार में पैदल चलने में भी काफी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। वही यदि कोई चार पाहिया वाहन मुख्य बाजार में प्रवेश कर लेता है तो जाम लगने के कारण इस भीषण गर्मी में नागरिकों को घण्टों जाम में फसें रहना पडता है।

### अतिक्रमण हटाने के नाम पर की जाती है खानापूर्ति




जब हरिभूमि ने शहर के नागरिको से चर्चा की तो नागरिको ने बताया कि नगर पालिका द्वारा शहर में बडतें जा रहें अतिक्रमण पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। यदि कभी किसी समाचार पत्र में अतिक्रमण का समाचार प्रकाशित होता है तो एक दो दिन बाद नगर पालिका हमला अतिक्रमण हटाने पहुच जाता है। और दो चार दुकानदारो का अतिक्रमण हटाकर वापस लौट जाता है। वही नगर पालिका द्वारा उक्त अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की फाईल को बंद कमरे में रखकर कागजों में ही अतिक्रमण पर कार्यवाही कर ली जाती है। स्थानीय प्रशासन व नगर पालिका के ढीले रवैए के चलते नगर के मुख्य बाजार सहित गली मोहल्लों में अतिक्रमण बडता जा रहा है। जिसके चलते आम नागरिकों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है।

#### की जाएगी कार्रवाई

अतिक्रमण के खिलाफ शीघ्र ही मुहिम चालू कर अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

संजय चौरसिया,तहसीलदार सिरोंज।

## उफ ये गर्मी...चुभन भरी गर्मी से लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

इस समय चुभती गर्मी और चिलचिलाती धूप से लोग परेशान हो रहे है। सुबह से जो तल्ख धूप निकलती है तो शाम तक रहती है। प्रचंड गर्मी से लोगों के हाल बेहाल हो रहे है। लोग घरों से जरूरी कामों के लिए ही निकल रहे है। तल्ख धूप का असर है कि नगर की सड़कें तप रहीं है। लोग गर्मी से कुछ राहत पाने के लिए बार-बार पेय पदार्थो का सहारा लेते नजर आ रहे है। बाजारों में धूप की वजह से सन्नाटा छाया हुआ है।

धूप में निकले लोग गर्मी से तिलमिला रहें है। तपशि की वजह से लोगों का बुरा हाल हो गया और लोगों का खूब पसीना बह रहा है। बार-बार लोग ठंडा पानी पीने को मजबूर हो रहें है। शुक्रवार को गर्मी की वजह से लोगों का बुरा हाल रहा। ऑफिस, कामकाज को घर से जब लोग निकले तो तेज धूप थी। दोपहर में गर्म हवाओं के थपेड़ो से लोग परेशान हुए। साथ ही बाइक पर चलना दुश्वार हो रहा है। स्लीपर पहनकर बाजारों में निकले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पैरों के पंजों पर पड़ रही तेज धूप से परेशानी हो रही है। बाजारों में लोग सिर और चेहरा ढंककर निकल रहे है। जगह-जगह बिकने वाले पानी के पाउच और पेय पदार्थो की खूब बिक्री हो रही है। सड़कों पर आते-जाते लोग गर्मी से बेहाल नजर आ रहे है। चिलचिलाती धूप में लोगों के चहरे लाल पड़ जाते है।

## सेवा... प्याऊ का शुभारंभ, राहगीरों को मिलेगा शीतल जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज




नगर के युवा समाज सेवी ग्रामअ पंचायत के परसौरा पूर्व सरपंच रिंकू रघुवंशी द्वारा उनके निज निवास हाजीपुर बजारिया में पिताश्री की प्याऊ वॉटर कूलर का शुभांरभ किया गया। ताकि राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर उन्होने बताया कि गर्मी का मौसम ग्रामीण क्षेत्रो से बाजारो में खरीदारी करने आने वाले नागरिको को पीने के लिए ठण्डा पानी नही मिल पाता जिससे आम नागरिक ठण्डें पानी के लिए जहां वहा भटकते है। मगर अब यहां से गुजरने वाले राहगीरों को शुद्व एवं ठंडा पानी मिल सकेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नपं द्वारा बारिश पूर्व नालों का सफाई अभियान जारी

### नालों की सफाई के साथ कीटनाशक का छिड़काव




हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

बारिश शुरू होने से पूर्व नपं द्वारा नगर के विभिन्न हिस्सों के बड़े नालों की साफ सफाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिससे बारिश के दिनों में जल भराव की स्थिति न बने इसका प्रयास किया जा रहा है।

नगर के प्रमुख नाले जो अनेक वार्डो से होकर गुजरते हैं, सरस्वती शिशु मंदिर वाला नाला, बगलवाड़ा रोड, प्रेम नगर कालौनी, किनगी रोड, पुलिस लाइन कालौनी, काशीराम कालोनी, शक्तिनगर, तथा दालमिल कालौनी के नालों की बारिश से पूर्व विशेष साफ सफाई और कीटनाशकों का छिड़काव किया जा रहा है। इन्ही प्रमुख नालों के कारण बारिश के दौरान अनेक बार निचले हिस्सों में जल भराव की नुकसानदायक, परेशानियों भरी स्थिति बनती है। नगर में चल रहे नालों के साफ सफाई अभियान का मौके पर पहुंच कर सीएमओ हरिशंकर वर्मा द्वारा निरीक्षण और कर्मचारियों को निर्देश भी दिए जा रहे हैं।

## नटेरन समिति में खाद वितरण धांधली के कारण किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नटेरन

नटेरन प्राथमिक साख सहकारी समिति में गुरुवार से अचानक खाद यूरिया का वितरण कर दिया गया जिससे किसानों में भारी आक्रोश दिखाई दिया। किसानों का कहना है कि समिति में हम 1 महीने से बार-बार निवेदन कर रहे थे कि हमें खाद यूरिया के लिए परमिट काट दिया जाए। लेकिन समिति प्रबंधक ग्रीसमा एवं सहायक प्रबंधक महेन्द्र रघुवंशी दोबारा यह कह कर पल्ला झाड़ दिया जाता था कि आपका एटीएम की तरह कार्ड बना है जाएंगे उन्हें कार्ड से आपको खाद वितरण किया जाएगा। लेकिन गुरुवार को अचानक खाद्य वितरण कर दिया गया एवं शुक्रवार को भी खाद वितरण कर दिया गया। जिससे कि किसानों में भारी आक्रोश दिखाई दिया किसानों का कहना है कि समिति प्रबंधक दोबारा उनके खास खास किसानों को बुलाकर खाद यूरिया वितरण कर दिया जाता है और हम किसानों को सूचना तक नहीं दी जाती अब तो सोशल मीडिया का जमाना है लेकिन ना कोई मैसेज ना कोई कॉल समिति द्वारा किया जाता है और समिति दोबारा अपने चहेते किसानों को खाद यूरिया का वितरण कर दिया जाता है जिससे की समिति में एकदम किसाने की भीड़ उमर जाती है फिर समिति प्रबंधक बचे हुए किसानों को नियम बताने लगते हैं और लाइन लगवाने लगते हैं जिससे कि छोटे किसानों को खाद यूरिया मिलने में महीना का समय लग जाता है । सहायक प्रबंधक महेन्द्र रघुवंशी का कहना है कि हमारे पास जितना खाद है उसका आज वितरण किया जाएगा। बाकी किसानों को गाड़ी आने के बाद खाद मिल पाएगा।

### किसानों को सूचना देने नहीं है कोई माध्यम

समिति द्वारा कृषि सक्रिय समिति के नाम से एक ग्रुप तो बना दिया गया है। व्हाट्सएप पर लेकिन उसे ग्रुप का प्रयोग किसने को सूचना का आदान-प्रदान करने के लिए कोई उपयोग नहीं किया जाता। जिससे कि किसानों को समय पर खाद यूरिया वितरण की जानकारी नहीं मिल पाती जिससे किसान काफी परेशान रहते हैं।

### मुझे जानकारी नहीं है

अभी समिति में कितना खाद यूरिया है किसानों को सूचना देने के लिए हमारे द्वारा कोई माध्यम नहीं है। किसान समिति पर आकर जानकारी ले सकते हैं।

**ग्रीसमा**, समिति प्रबंधक

## हायर सेकंडरी व हाईस्कूल पूरक परीक्षा के भरे जा रहे आवेदन

**सागर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा वर्ष 2024 की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट पूरक परीक्षा के आवेदन-पत्र 01 मई से भरे जा रहे है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी (पूरक परीक्षा) के आवेदन परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक भरे जा सकेगें। पुर्नगणना के फलस्वरूप परीक्षा परिणाम परिवर्तन होने पर इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले छात्र परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व अर्थात 7 जून तक परीक्षा आवेदन भर सकेंगे। पूरक परीक्षा के आवेदन-पत्र केवल ऑनलाईन भरने की विस्तृत प्रक्रिया मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## सीएम राइस विद्यालय में समर कैंप का हुआ समापन

**सागर।** सीएम राइस विद्यालय नरयावली में शुक्रवार को 13 दिवसीय समर कैंप का समापन हो गया। समर कैंप में नृत्य चित्रकला ग्रुप डांस नाटिका खेल कूद आदि में आए छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। समापन कार्यक्रम में प्राचार्य आशा जैन ने कहा की समर कैंप से छात्रों की प्रतिभा निकलती है। समर कैंप में छात्रों ने अपनी अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य ने छात्रों से संयमित जीवन जीवन जीने का और देश के लिए अच्छा नागरिक बनने के लिए ब माता-पिता के सपनों को पूरा करने का आह्वान किया। आशा जैन ने कहा यह ऐसा समय है जो अमूल्य है। नवीन जैन ने कहा समर कैंप का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी रचनात्मक प्रतिभा को निखरने एवं उन्हें पहचान का प्रयास किया। दिव्या तिवारी ने सीएम राइज स्कूल के उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। समर कैंप के समापन के प्रारंभ में मां सरस्वती जी का पूजन और दीप प्रचलन कर सरस्वती वंदना के साथ हुआ अतिथियों और समर कैंप में सहयोग कर रहे प्रशिक्षक कुमारी खुशबू तिवारी और हिमांशु दुबे एवं अन्य सहयोगियों का आभार सविता दरे ने किया।

## बबूल का पेड़ काटने पर बरहा गांव में 2 भाईयों में हुआ विवाद

### फरियादी बहनों का पिता गंभीर घायल, भोपाल रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली



थाना क्षेत्र के ग्राम बरहा कलां में दो सगे भाईयों एवं उनके पुत्र पुत्रियों के बीच मारपीट की घटना हुई। जिसका मुख्य कारण बबूल का पेड़ काटना था। सगे भाईयों के द्वारा मारपीट करने चचेरी बहनों को मारने, कपड़े फाड़कर बेइज्जत करने जैसी अश्लीलता की हद पार करने का प्रयास किया गया। उनके पिता हल्के भैया धाकड़ को गंभीर चोटें आने पर प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया। पुलिस ने रितु एवं विनिता धाकड़ पुत्री हल्के भैया धाकड़ की रिपोर्ट पर कीरत सिंह, सत्यम एवं शुभम धाकड़ के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई व जांच की जा रही है।

### पेड़ काटने पर विवाद

हल्के भैया और कीरत सिंह भाई है। दौनों युवक बबूल का पेड़ काट रहे थे। मना करने पर विवाद शुरू हुआ। जब हल्के भैया को घायल अवस्था मे लेकर उनकी पुत्री रितु एवं विनिता धाकड़ बरेली आ रहे थे। तब रास्ते में रोक कर पुनः विवाद मारपीट और चाचा के लड़कों द्वारा अपनी ही चचेरी बहनों के कपड़े फाड़ने, मारपीट करने, नंगा नचाने जैसी धमकी देकर शर्मनाक घटना को अंजाम दिया गया। भले ही पुलिस ने घटना पर विभिन्न धाराओं का प्रकरण दर्ज हो गया हो परंतु रितु धाकड़ और विनीता धाकड़ ने अपने साथ हुई अपमानित शर्मसार करने वाली, मर्यादा भंग के प्रयास पर गंभीर धाराओं के स्थान पर मामूली धाराओं का प्रकरण दर्ज करने पर न्याय पाने के लिए एसपी और मुख्यमंत्री तक से फरियाद करने का कहा है।

## खरीद करने वाली सहकारी संस्थाओं को आपूर्ति निगम द्वारा राशि देने में भारी विलंब

# खरीद संस्थाओं को हम्माली राशि न मिलने से हो रहे विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

संपूर्ण रायसेन जिले में गेहूं उत्पादन में विशेष स्थान रखने वाले बाड़ी-बरेली क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद का कार्य सिमट सा गया है। जबकि समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद 20 मई तक होना है।

इस वर्ष गेहूं की फसलों पर प्राकृतिक आपदाओं की मार हुई। बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया। जिससे गेहूं के प्रति एकड़ उत्पादन में 5-7 क्विंटल तक गिर गया। इस वर्ष समर्थन मूल्य के बराबर या अधिक भाव मंडियों में रहने से भी किसान समर्थन मूल्य के स्थान पर मंडियों में गेहूं बेचने सक्रिय बने रहे।

### पैसा नहीं मिला, मजदूरों को घर वापसी का इंतजार

अप्रैल के महीने में समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्रों पर गेंहू की खरीद तौल प्रारंभ हुई। स्थानीय हम्मालों की भारी कमी के कारण क्षेत्र के खरीदी केन्द्रों पर तौल, हम्माली इत्यादि का कार्य बिहार, उप्र, छिंदवाड़ा, सिवनी और छत्तीसगढ़ से आए मजदूरों, हम्मालों द्वारा किया गया। सहकारी संस्थाओं द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम के लिए समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद पर कमीशन राशि के साथ हम्माली, मजदूरी की राशि आपूर्ति निगम द्वारा दी जाती है। खरीदी के दौरान और खरीदी समाप्ति होने की स्थिति में भी सहकारी संस्थाओं को हम्माली खर्चो की लाखों की राशि का समय से भुगतान न होने से हम्मालों और सहकारी संस्थाओं के प्रबंधकों खरीदी केंद्र प्रभारियों के बीच राशि भुगतान न होने से विवाद की स्थितियां बन रही है। सहकारी संस्थाओं में जरूरी हम्माली राशि आने का इंतजार बना हुआ है। वहीं क्षेत्र के सैकड़ों हम्माल मजदूरी जिन्होंने केंद्रों पर गेंहू की तौल हम्माली की अपने घर प्रदेश की वापसी में उनकी मेहनत की राशि तत्काल दिए जाने का दबाव बना रहे हैं।

क्षेत्र के अधिकांश समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्रों पर तौल खरीद का कार्य बंद सा हो गया है। पिछले एक डेढ माह से दिनरात हम्माली करने वाले बाहरी लोगों के समूह खरीदी तौल कार्य न होने के कारण बिना मेहनत मजदूरी कार्य केन्द्रों पर डेरा डाले हुए हैं। सैकड़ों मजदूर उनकी हम्माली राशि मिलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

दूसरी ओर सहकारी संस्थाओं को आपूर्ति निगम से हम्माली खर्चो की राशि मिने का इंतजार है। अनेक संस्थाओं के प्रबंधक उधारी में राशि लेकर हम्मालों की व्यवस्था करते नजर आ रहे हैं। जिससे विवाद की स्थिति न बने और अगले सीजन में बिहार, उप्र, छिंदवाड़ा, सिवनी जिलों के मजदूर धान, मूंग, गेंहू की समर्थन मूल्य खरीदी के दौरान आसानी से मिल सके। सवाल यह है कि नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा गेंहू की खरीद तो करवाई जा रही है परंतु हम्माली खर्चो की राशि का क्यों भुगतान समय से नहीं किया जा रहा है।

## दिगम्बर जैन मंदिर में चल रहा संस्कार शिविर

**बरेली।** दिगम्बर जैन श्रवण संस्कृति संस्थान सांगानेर के द्वारा धर्म प्रभावना की पाठशाला वर्षो से संचालित की जा रही है। इसी के अंतर्गत दिगम्बर जैन मंदिर में 11 मई से संस्कार शिविर का आयोजन चल रहा है। पीयूष जैन शास्त्री, विद्वत राही जैन शास्त्री द्वारा संस्कारों के संबंध में विस्तार से बताया गया। संस्कार शिविर में सुबह भक्ततााम्बर की कक्षा शिक्षण क्लास और आरती इत्यादि की कक्षा, शिक्षण कथा में धर्म का अर्थ समझाते हुए पीयूष भैया ने कहा कि सच्चा धर्म वही है, जो संसार के दुखों से पार कराए। बच्चे भविष्य के कर्ता है, इसलिए बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण होना अति आवश्यक है।

## गुरुकुल की पुण्या ने वाणिज्य संकाय में जिले में पाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

नगर के सीबीएसई गुरुकुल स्कूल की छात्रा पुण्या तिवारी ने वाणिज्य संकाय में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में सर्वोतम स्थान प्राप्त किया। बिना किसी ट्यूशन छात्रा पुण्या तिवारी को मिली सफलता से गुरुकुल स्कूल के छात्र, छात्राओं, स्कूल परिवार के साथ तिवारी परिवार में भारी हर्ष बना हुआ है।



पुण्या तिवारी के पिता चन्द्रेश तिवारी ठेकेदारी करते है। मां सीमा तिवारी ग्रहणी है। पुण्या तिवारी पढ़ाई के साथ संस्कृतिक कार्यक्रमों, गतिविधियों में भी हमेशा सक्रिय बनी रहती है। पढ़ाई के साथ गीत संगीत में विशेष रुचि है। मिली सफलता पर स्कूल परिवार और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

सीधे मुंह बात नहीं करते मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कपंनी के अधिकारी, कोई भी सवाल पूछने पर देते है उलटा जवाब

# जरा-सी हवा, पानी में गुल हो जाती है शहर की बिजली मेंटेनेंस करने के नाम पर घंटों बंद रख रहे विद्युत सप्लाई

## बार-बार लाइट जाने से झुलसा देने वाली भीषण गर्मी में परेशान होते रहे शहरवासी

**भीषण गर्मी से बेहाल लोग**

- अधीक्षण यंत्री ने कहा कलेक्टर मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता है
- जरा-सी हवा चलने पर घंटों तक बंद रखते है शहर की बिजली
- पिछले 15 दिनों से लगातार यह सिलसिला जारी है
- इस साल हालात बद से बदतर मेंटेनेंस करने हेतु घंटों लाइट बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को रायसेन शहर में दिन भर लाइट का आना-जाना लगा रहा। झुलसा देने वाली इस गर्मी में बच्चे हो या कॉलेज के विद्यार्थी, कर्मचारी, आम लोग पसीना टपकते हुए उन्होंने पूरा दिन गुजरा। समाचार लिखे जाने तक रायसेन शहर की बिजली गुल रही। पिछले 15 दिनों से यह सिलसिला लगातार जारी है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों से जनता द्वारा आवेदन तथा निवेदन किया गया, परंतु ढांक के तीन पात अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी संबंध में जब हरिभूमि संवाददाता द्वारा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री पवार से बात की गई तो उन्होंने बदतमीजी पूर्वक संवाददाताओं को अपनी कोई भी जिम्मेदारी होने से इनकार कर दिया एवं भोपाल में पदस्थ मीडिया प्रभारी द्विवेदी से संपर्क करने के लिए कहा गया। अधीक्षण यंत्री का व्यवहार इतना खराब था कि संवाददाता कौन से आगे बात करने की इच्छा नहीं हुई जब उनसे कहा गया कि इस संबंध में कलेक्टर से संपर्क करके उक्त कृत के लिए कार्रवाई करने का आवेदन किया जाएगा। इस पर अधीक्षक यांत्रिक पवार द्वारा कहा गया जो करना हो कर लो कलेक्टर मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

जब संवाददाता ने पूछा चुनाव आचार संहिता में आप अपने हेड क्वार्टर पर नहीं पाए जाते हैं, तो उनका जवाब आप कौन होते हैं इस विषय में मेरे से पूछने वाले पिछले कई वर्षों में गर्मी एवं बरसात के मौसम में तेज हवा चलती हैं परंतु जो स्थितियां वर्तमान में निर्मित हो गई है। वैसी पहले कभी नहीं देखी गई एक और तो जनता गर्मी से बेहाल है दूसरी और मच्छर मक्खियों ने बुरा हाल कर दिया है।




**सुधार कार्य किया जा रहा**

*बारिश और हवा के चलते कहीं-कहीं पर परेशानियां निर्मित हुई है जल्दी सुधार कर किया जाएगा।*

*- प्रांजल शर्मा, जूनियर इंजीनियर रायसेन नगर, विद्युत वितरण केंद्र रायसेन*

### तेज हवा के साथ एक घंटे बारिश, बिजली हुई गुल

**सलामतपुर।** मध्यप्रदेश में ओले बारिश का स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव हो गया है। जिससे क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर लगभग साढ़े पांच बजे अचानक काली घटा छाने से अंधेरा हो गया। और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। यह बारिश एक घंटे तक रुक-रुककर होती रही। तेज हवा की वजह से बिजली सप्लाई भी बंद हो गई। और शुक्रवार को स्थानीय हाट बाजार होने के चलते कई गांवों के ग्रामीण सब्जी सहित अन्य सामग्री लेने सलामतपुर आते हैं। बारिश होने की वजह से ग्रामीण परेशान होते देखे गए। वहीं बारिश होने से किसानों के चेहरे और मुस्कान आ गई है। क्योंकि मूंग की फसल बारिश के पानी से बेहतर हो जाएगी। तहसील क्षेत्र सहित सुनारी, रातातलाई, बेरखेड़ी चौराहा, रतनपुर, कटसारी, बागोद, शाहपुर, मेढ़की, भरतीपुर, गाडरखेड़ी, कचनारिया, सोजना गांव सहित अन्य क्षेत्र में कई किसानों ने इस बार गेहूं की फसल के बाद मूंग की फसल की बोवनी कर दी है। मौसम में आए दिन हो रहे बदलाव के चलते लगभग हर सप्ताह ही एक से दो दिन बादल छा रहे हैं और बारिश भी हो रही है। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र नकतरा के प्रभारी डॉ स्वप्निल दुबे के अनुसार अंचल में लगभग हर दूसरे, तीसरे दिन मौसम में बदलाव हो रहा है।

**खबर संक्षेप**

### एक लाख 42 हजार की अवैध शराब की जब्त

**बाड़ी।** शुक्रवार को कलेक्टर रायसेन अरविंद दुबे एवं सहायक आबकारी आयुक्त वंदना पांडेय के निर्देश पर वृत्त बरेली के प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश विश्वकर्मा द्वारा हमराह स्टाफ के सहयोग से सूचना के आधार पर ग्राम नारदखेड़ा नाले दबिस देकर 8 ड्रमों 7 केनो में भरा करीबन 1320 किलोग्राम गुड़ लाहन एवं 3 केनो में भरी 45 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई। गुड़ लाहन के सेम्पल उसे मय ड्रमों एवं केनो के विनिष्ट किया गया। साथ ही ग्राम शिवतला में आरोपी हक्का उर्फ यशवंत पुत्र दामोदर सिंह पुरविया के मकान पर दबिस देकर उसे 5 लीटर अवैध मदिरा के साथ गिरफ्तार किया गया। आज की कार्यवाही में दो प्रकरण 34- 1 (क) एवं (च) आबकारी एक्ट के तहत कायम किये गए। एक प्रकरण में आरोपी अज्ञात है ।उक्त कार्यवाही में जप्त कुल लाहन 1320 किलोग्राम एवं कुल 50 बल्क लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई, जिसका बाज़ार मूल्य 1 लाख 42 हजार रुपए आंकलित किया गया।

### सड़क किनारे रखी सामग्री दे रही हादसे को आमंत्रण

**सिलवानी।** नगर से निकले स्टेट हाईवे 15 तथा 44 पर इन दिनो बड़े पैमाने पर नागरिकों द्वारा भवनो का निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य में उपयोग आने वाली सामग्री को सड़क किनारे ही रखा जा रहा है, सड़क किनारे रखी जा रही सामग्री से हमेशा ही हादसा होने का अंदेशा बना रहता है, बावजूद भी भवन मालिक लापरवाही बरत रहे है। साथ जिम्मेदार अधिकारी भी कार्यवाही करने को लेकर गंभीर नही है। नगर के सागर रोड़, उदयपुरा रोड, बरेली रोड सहित नगर मे भवनो का निर्माण कार्य बृहद स्तर पर किया जा रहा है, निर्माण कार्य में रेत, गिटटी, ईंट, मुरुम, सीमेंट, लोहा आदि सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन भवन निर्माण कर्ताओ के द्वारा उक्त सामग्री को सड़क किनारे ही रखा जा रहा है, सामग्री सड़क पर रखे जाने से कमोवेश आधी सड़क निर्माण सामग्री की भेंट चढ़ रही है, जिससे नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

भोपाल तथा विदिशा जा रही बसों के यात्री हो रहे परेशान

# 2 ट्रक खराब होने से हाईवे 18 पर लगा 2 घंटे तक जाम, फंसे रहे मंत्री पटेल भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर गुरुवार रात में एक ट्रक खराब होने और एक खराब ट्रक को किनारे से उठाने के दौरान लंबा जाम लग गया। यह जाम लगभग दो घंटे तक लगा रहा। इस जाम में भोपाल की और जा रहे मध्यप्रदेश शासन के श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सहित उनका काफिला भी फंस गया। मंत्री के जाम में फंसते ही पुलिस हरकत में आई और जिस ट्रक की बैट्री खराब हुई थी उसके लिए दूसरी बैट्री का इंतज़ाम किया। और दूसरे ट्रक को भी सड़क किनारे खड़ा किया तब कहीं जाकर धीरे धीरे एक एक तरफ के वाहनों को निकाला गया।

जानकारी अनुसार सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हाइवे 18 के मुक्तापुर गांव के पेट्रोल टैंक के सामने एक ट्रक की बैटरी खराब होने से वह बंद होकर सड़क पर ही खड़ा हो गया। वहीं एक अन्य खराब ट्रक को सड़क के किनारे उठाने से भी जाम लग गया। इस दौरान भोपाल से विदिशा और विदिशा से भोपाल की और जाने वाले वाहनों की दोनों और लंबी- लंबी लाइनें लग गईं। इसी जाम में विदिशा से भोपाल जा रहे श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का काफिला भी फंस गया। जाम में यात्री बसें भी फंस गईं। बसों में बैठे यात्री काफी देर तक परेशान होते रहे। थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी को जाम की जानकारी मिलते ही थाने का पूरा पुलिस अमला मौके पर पहुंचा। और बड़ी मशक्कत के बाद हाइवे से आवागमन शुरू हो पाया।



#### नहीं रहता यातायात पुलिस अमला

*नगर में दिन की शुरुआत सुबह से रात्रि तक मुख्य सडक के साथ स्टेशन रोड, रातातलाई उपमंडी रोड, थाना रोड, सब्ज़ी बाजार, बेरखेड़ी चौराहा, कुल्हाड़िया रोड, त्रिमूर्ति चौराहा, दीवानगंज सहित अन्य स्थानों पर वाहनों का भारी आवागमन रहता है। और नगर के सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, तिराहों, चौराहों पर सुव्यवस्थित सुरक्षित यातायात के लिए यातायात पुलिस की मौजूदगी जरूर रहती है। परंतु नगर के किसी भी चौराहे, तिराहे, भीड भाड वाले स्थानों से यातायात पुलिसा गायब बनी रहने से वाहन चालकों की मनमानी बनी रहने से पैदल चलने वाले बुजुर्ग, महिलाएं, छात्र, बच्चे जोखिम भरी स्थिति में बने रहते हैं। सड़कों के किनारों पर घंटो से दो पहिया, चार पहिया वाहन और मालवाहक वाहन खड़े रहने पर उन्हे हटाने के प्रति यातायात पुलिस की अनुपस्थिति से वाहन चालकों, मालिकों की दबंगई विवादों का कारण बनता रहता है। वहीं आसपास दुकानों के भीतर से अधिक सामान सड़को पर फैला रहने से जाम लगने और जोखिम भरी स्थिति बनी रहती है।*

#### हाईवे से प्रतिदिन गुजरते हैं 10 हजार वाहन

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 से दिन भर में लगभग 10 हज़ार छोटे बड़े वाहन निकलते हैं। जो यूपी, दिल्ली, मुम्बई, गुजरात, भोपाल, विदिशा व मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में जाते हैं। यहां से बड़े बड़े ट्राले और ट्रक क्षमता से अधिक माल लेकर सड़क से निकलते हैं। वहीं कुछ बड़े भारी वाहन भी यहां से गुजरते हैं। जो त्रिमूर्ति चौराहे से लेकर सलामतपुर, रेलवे ओवरब्रिज, बेरखेड़ी चौराहा, दीवानगंज, सूखी सेवनिया से होते हुए जाते हैं। जो कभी भी बड़े हादसे का शिकार हो जाते हैं। क्योंकि सड़क काफी छोटी है। और दोनों और सुरक्षा के लिहाज से कोई रेलिंग वगैरह भी नही लगाई गई है।

#### आए दिन लग रहा जाम, लोगों की 4 लाइन करने की मांग

भोपाल विदिशा नेशनल हाईवे 146 और स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे होते रहते हैं। इन रोज़ होने वाले हादसों की वजह से ही कई बार हाइवे 18 पर जाम की स्तिथि भी बनती है। स्थानीय रहवासी अब इस सड़क पर जाने से कतराने लगे हैं। वहीं सलामतपुर, सांची, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस भी इस सड़क को 4 लाइन करने की मांग शासन प्रशासन से की है। गौरतलब है कि एनएच 146 और स्टेट हाईवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं। जिसमें पच्चीस से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है। सलामतपुर, सांची व सूखी सेवनिया पुलिस भी रोज़ हो रही इन दुर्घटनाओं की वजह से काफी परेशान है। क्योंकि थाने में पुलिस बल काफी कम है। और सड़क हादसों में पुलिस बल भेजने के बाद थाने में पुलिस बल कम पड़ जाता है। जिससे थाने आए फरियादियों को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से स्टेट हाईवे 18 को फ़ोर लाइन करने की मांग की है।

## जिला जेल का न्यायाधीश ने किया औचक निरीक्षण

### बंदियों की सुविधाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली (नालसा) तथा मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं अनिल कुमार सोहाने प्रधान जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन के मार्गदर्शन में प्रभारी अध्यक्ष उषा गेडाम, विशेष न्यायाधीश (अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम) रायसेन द्वारा गत दिवस पठारी स्थित जिला जेल रायसेन का औचक निरीक्षण किया गया।

विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अध्यक्ष द्वारा जेल निरीक्षण के दौरान बैरक में निरुद्ध सभी बंदियों से मुलाकात कर उनके प्रकरण में अधिवक्ता नियुक्त है या नहीं, चिकित्सक द्वारा उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है या नहीं, परिवारजनों से मिलने दिया जा रहा है या नहीं, न्यायालय में पेशियां हो रही है या नहीं, बंदियों के रहन-सहन, खान-पान, साफ सफाई, के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।

साथ ही महिला बैरक का भी निरीक्षण कर निरुद्ध महिला बंदियों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने जेल में स्थापित रसोई घर, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, मुलाकात कक्ष, डिस्पेंसरी आदि का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अध्यक्ष महोदया द्वारा गंभीर बीमारियों से ग्रस्त बंदियों को विशेषज्ञ सलाह हेतु शुरू की जा रही टेली-मेडिसिन की सुविधा के बारे में जानकारी ली। सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु निर्देश दिए।

#### यह रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव राव गौतम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती सौम्या साहू अस्थाना, जिला विधिक सहायता अधिकारी अनीस उद्दीन अब्बासी, जेल अधीक्षक एसपी चैरे उपस्थित रहे।

## फिर बालमपुर घाटी की चढ़ाई पर ट्रक पीछे आया अनियंत्रित होकर 10 फीट गहरी खाई में जा गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित ग्राम बालमपुर घाटी पर ट्रक क्रमांक एमपी 07 एचबी 5529 विदिशा से गेहूं की बोरिया भरकर भोपाल जा रहा था। जैसे ही बालमपुर घाटी चढने लगा तो सामने से दूसरा वाहन आ जाने के कारण ट्रक ड्राइवर ने ब्रेक लगाए। ट्रक के ब्रेक फेल होने के कारण ट्रक पीसे रिवर्स हुए 10 फीट गहरी खाई में जाकर पलट गया। ट्रक पलटने के कारण उसमें भरी गेहूं की बोरिया खाई में बिखर गई। हालांकि ड्राइवर व क्लीनर को मामूली से चोट लगी है।



## बस ने बाइक को मारी टक्कर, 5 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के बेगमगंज में शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवारों को बस ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पांच लोग बुरी तरह घायल हो गए। दो बच्चों और एक महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात ज्योति मैरिज गार्डन में शादी कार्यक्रम आयोजित हो रहा था, जिसमें शामिल होने के बाद मोहम्मद फैजान अपनी बहिन रुइया उनके बेटे अहद आयशा और सिमइया के साथ शादी समारोह से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान सागर की ओर जा रही अमरदीप बस से आमने- सामने टक्कर हो गई। जिसमें गंभीर रूप से घायल आयशा (4 साल), सिमइया (2 साल) और उनकी मां रुइया (35 साल) को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। वहीं मोहम्मद फैजान और अहद का उपचार सिविल अस्पताल में किया जा रहा है, पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। घटना के बाद से चालक और कंडक्टर मौके से भाग गए।




## सीएम राइज विद्यालय बाड़ी में आज समर कैंप प्रदर्शनी का होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य बीएस मीना द्वारा सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात नन्हे-मुन्ने बच्चों ने शास्त्रीय नृत्य और आधुनिक नृत्यों की सुंदर प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनमोह लिया। इस अवसर पर कई गतिविधियों का आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत ईश्वर विनय प्रार्थना एवं योगा से हुई, जिसका संचालन योग प्रशिक्षक श्री के के अहिरवार ने किया। कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों के लिए संगीत और डांस की कक्षाएं रूम नंबर 18 में आयोजित की गईं, जिनकी प्रभारी श्रीमति आरती साहू और प्रशिक्षक सलोनी आचार्य थीं। कक्षा 6 से 8 के लिए संगीत गायन की कक्षाएं केके अहिरवार की देखरेख में और प्रशिक्षक सुनील कुमार विश्वकर्मा की सहायता से आयोजित हुईं।

कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए इंग्लिश स्पोकिन की कक्षाएं आयोजित की गईं। इनके प्रभारी भुवनेश्वर कुमार चौहान थे और प्रशिक्षक मालिनी विझगमने तथा श्रीमति अनीता भावसार थीं। संस्कृतिक विरासत को जानने के लिए एक विशेष प्रोजेक्ट भी आयोजित किया गया, जिसमें एक्सपोजर विजिट और विशेषज्ञों के साथ चर्चा शामिल थी। इस गतिविधि की प्रभारी प्रिया कावरे और मो. सफीक खान थे।

गायन वादन के बच्चों ने स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसे सभी ने खूब सराहा। संस्कृतिक विरासत के छात्रों ने प्राचीन संस्कृति पर आधारित नृत्य नाटक प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



सरस्वती शिशु मंदिर में संचालित किया जा रहा व्यक्तित्व विकास शिविर

## मेहंदी, कंप्यूटर, रंगोली, चित्रकला में पारंगत हो रहे भैया-बहन

- समिति सदस्य मयंक रघुवंशी तथा किशोर शेखावत ने किया निरीक्षण, भैया बहनों को एकाग्रता से कार्य करने किया प्रेरित, दी विषय से संबंधित जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान की योजना अनुसार नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ग्रीष्मकालीन व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 6 जून से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम का समापन 24 जून को किया जाएगा। आयोजित समर कैंप में स्कूल में अध्यनरत कक्षा 4 से 10 तक के 62 भैया बहन सहभागिता कर रहे हैं। शिविर में भाग ले रहे भैया बहनो का मार्ग दर्शन करने के लिए वीर शिवाजी शिक्षण समिति के सदस्य मयंक रघुवंशी व किशोर सिंह शेखावत पहुंच कर विस्तार से चर्चा की तथा उनके व्यक्तित्व विकास को लेकर अनेक टिप्स दिए।

यहां पर मंयक रघुवंशी ने वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यता बन चुके कम्प्यूटर के काम करने व उसकी शब्दावली को विस्तार से समझाया तथा कहा कि कम्प्यूटर की जानकारी होना परम आवश्यक है। कम्प्यूटर की जानकारी के बगैर प्रतियोगी परीक्षा सहित अन्य क्षेत्र में सफलता की योजना बनाना बैमानी हो सकता है। किशोर सिंह शेखावत ने समर कंेप की बैसिक जानकारी से अवगत कराया तथा एकाग्र होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में सहभगिता कर रहे प्रतिभागी भैया बहन तन्मयता के साथ विभिन्न कलाओ मे पारंगत होने का ना केवल प्रयास कर रहे है बल्कि मेहंदी, कम्प्यूटर, आर्ट एण्ड क्राप्ट, रंगोली, चित्रकला, नृत्य कला के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा बताई जा रही बारीकिया को पहचान रहे है, बल्कि जिज्ञासाओ का भी समाधान कर रहे है।

प्राचार्य मयंक लाहौरी द्वारा बताया कि 15 दिवसीय इस शिविर में प्रारम्भिक कम्प्यूटर शिक्षा को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया है। वीर शिवाजी शिक्षण समिति के अध्यक्ष अरुण जैन ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शिशु मंदिर हमेशा कार्य करता है इसी क्रम यह ग्रीष्मकालीन व्यक्तिव विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्हें इन विषयों से जोड़ा जाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

पूर्व में मेरा नाम केशव प्रसाद रघुवंशी था जो कि बदलकर केशव रघुवंशी के नाम से जाना व पहचाना जाये जो सत्य व सही है।

निवासी- ग्राम दैनी, पोस्ट-कीरतपुर तहः- सिलवानी, जिला, रायसेन, म.प्र.